अमर उजाला 04/03/2026

भारत बौद्धिक्स परीक्षा में काजल ने पाए 95 अंक

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में भारत बौद्धिक्स आइकेएस परीक्षा का आयोजन किया गया, इसमें जीएमएन नर्सिंग कॉलेज की छात्रा काजल हुड्डा ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

काजल।

काजल ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित इस परीक्षा में 100 में से 95 अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर काजल को 2500 रुपये की नकद राशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बधाई देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा भविष्य का सशक्त मार्गदर्शक है। आइकेएस इकाई के अध्यक्ष डॉ. अनीश सहित सहायक प्राध्यापक रजविंदर कौर, प्रियंका बालदिया व अन्य सदस्यों ने काजल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए, इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। संवाद